प्रादेशिक समाचार
दिनांक–17.07.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक आर्थिक वृद्धि के लिए मेक इन इंडिया की सफलता की सराहना की, कहा–बिहार में बने जूतों का इस्तेमाल कर रही रूस की सेना।**
2. **केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, अवैध बालू के कारोबार को संरक्षण दे रही है राज्य सरकार, कार्यकर्ताओं से चुनाव में इस सरकार को उखाड़ फेंकने की अपील।**
3. **केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने दवा उद्योग के व्यापार को आसान बनाने के लिए विशेष तंत्र विकसित करने पर दिया जोर।**
4. **सीआईडी ने की आम लोगों से क्रिप्टोकरंसी में निवेश करते समय सावधान रहने की अपील, झारखंड के लोगों से पांच करोड़ रुपये ठगने वाले दो अपराधियों को किया गिरफ्तार।**
5. **मौसम विभाग ने राज्य भर में अगले तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री की वृद्धि की जताई संभावना, 20 जुलाई से फिर जोर पकड़ेगी बारिश।**

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में मेक इन इंडिया के जरिए भारत की अर्थव्यवस्था वैश्विक मंच पर आगे बढ़ने की सराहना की है। पोस्ट में मेक इन इंडिया की झलक दिखलाते हुए बताया गया कि भारतीय साइकिलों की दुनियाभर में मांग हो रही है। ब्रिटेन, जर्मनी और नीदरलैंड्स में निर्यात बढ़ा है। पोस्ट के अनुसार, बिहार में बने जूतों का इस्तेमाल अब रूसी सेना कर रही है। अमरीकी बाजार में अमूल अपने उत्पाद उतारकर भारत के अनूठे स्वादों को दुनियाभर में पहुंचा रहा है। भारत की यूपीआई प्रणाली अब वैश्विक बन गई है, जो कई देशों में निर्बाध डिजिटल भुगतान को सक्षम बनाती है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि मेक इन इंडिया से रोजगार के अवसर बढ़े हैं।

****

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आरोप लगाया है कि झारखंड में अवैध बालू के कारोबार को संरक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में केंद्र प्रायोजित प्रधानमंत्री आवास योजना और हर घर नल योजना को विफल करने की भी साजिश रची जा रही है। श्री चौहान आज रांची के हटिया में प्रदेश भाजपा की ओर से आयोजित सम्मान सह संकल्प समारोह के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि विधानसभा चुनाव में राज्य को झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राजद गठबंधन की भ्रष्ट सरकार से बचाना है। इधर, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने आज रांची में पार्टी की ओर से आयोजित संकल्प सभा में कहा कि झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ के कारण जनसांख्यिकी में बदलाव आ गया है।

****

जमशेदपुर स्थित बिरसा मुंडा टाउन हॉल में आज प्रदेश भाजपा की ओर से अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भवनाथपुर के विधायक और पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने बालू को सोना बना दिया है और सबलोग अवैध कमाई में शामिल हैं। उन्होंने राज्य सरकार पर तुष्टिकरण का आरोप लगाते हुए कहा कि साहिबगंज, पाकुड़, गोड्डा और दुमका में बांग्लादेशी नागरिक इतने अधिक बढ़ गए हैं कि इलाके की जनसांख्यिकी ही बदल गयी है।

****

केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने देश की फार्मेसी ऑफ द वर्ल्ड की प्रतिष्ठा के अनुरूप एक विश्व स्तरीय दवा नियामक ढांचा बनाने पर जोर दिया है। श्री नड्डा ने आज दवाओं, सौंदर्य प्रसाधनों और चिकित्सा उपकरणों के विनियमन पर एक समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि ऐसे तंत्र विकसित करने पर ध्यान देना चाहिए, जो नियामक आवश्यकताओं के भीतर दवा उद्योग के लिए व्यापार को आसान बनाए।

****

अपराध अनुसन्धान विभाग के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने आम लोगों से क्रिप्टोकरंसी में निवेश करते समय बेहद सावधान रहने की अपील की है। श्री गुप्ता ने कहा कि क्रिप्टोकरंसी में निवेश कर अधिक पैसा कमाने के लिए लोगों को लालच देकर उनसे ठगी की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस मामले में अपराध अनुसन्धान विभाग ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिसने राज्य के आम लोगों से अब तक चार से पांच करोड़ रुपये तक ठग लिए हैं।

****

सिमडेगा जिले में मतदाता सूची के पुनरीक्षण के तहत घर–घर जाकर सत्यापन का कार्य शुरू है।

****

पश्चिमी सिंहभूम स्थित सारंडा के घने जंगलों में आज सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है, जिसके बाद भारी मात्रा में गोला और बारूद बरामद किये गए हैं। जिले के पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सुरक्षाबलों को भारी पड़ता देख नक्सली घने जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे।

****

पाकुड़ जिले में कार्यरत एक निजी कोल कंपनी के मानव संसाधन विभाग के अधिकारी को हथियार का भय दिखाकर लेवी मांगने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से एक लाख से अधिक रुपये और एक वाहन बरामद किया गया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दयानंद आजाद ने बताया कि आरोपी के खिलाफ अमड़ापाड़ा थाने में हत्या का भी मामला पहले से दर्ज है।

****

आज मुहर्रम है। यह दिन पैगम्बर मोहम्मद के नवासे हजरत इमाम हुसैन की शहादत का प्रतीक है। उन्होंने कर्बला में सच्चाई के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। रांची, हजारीबाग, बोकारो समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में इस अवसर पर ताजिया जुलूस निकाले जा रहे हैं। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर राज्य भर में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

****

मौसम विभाग ने कहा कि राज्य के अधिकतर हिस्सों में अगले तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में धीरे–धीरे दो से तीन डिग्री की वृद्धि हो सकती है। हालांकि, इसके बाद अगले दो दिनों में इसमें गिरावट आने की भी संभावना है। रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि राज्य में मानसून की गतिविधि कमजोर हुई है। 20 जुलाई से फिर राज्य में बारिश होनी शुरू होगी।

****

स्वीडिश ओपन टेनिस टूर्नामेंट के प्री–क्वार्टर फाइनल में कल भारत के सुमित नागल का मुकाबला अर्जेंटीना के मरियानो नवोने से होगा। इससे पहले सुमित ने स्वीशडन के एलियास यमेर को 6–4, 6–3 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई।

********समाप्त********